CCL
Fuelling Sustainable Growth
CENTRAL COALFIELDS LTD.

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम / कोल इंडिया लि. की एक अनुषंगी कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस, राँची 834 001 (झारखण्ड)
CIN : U10200JH1956GOI000581

मानव संसाधन विकास विभाग
ईमेल : gmhrd.ccl@coalindia.in
वेबसाइट : www.centralcoalfields.in

Ref. No. CCL/Apprenticeship / Advertisement/2025-26/229 Dated: 03.10.2025

# अधिसूचना

## <u>अप्रेंटिसेस एक्ट के तहत अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन करने हेतु अधिसूचना</u>

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची (झारखंड) के विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, डिप्लोमा, आई.टी.आई.,10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण निम्न संवर्ग मे कुल 1180 अप्रेन्टिस के अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों विभिन्न ईकाइयों मे निम्न प्रशिक्षण अवधि के प्रशिक्षण हेतु अप्रेन्टिसशिप पोर्टल (NAPS & NATS) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है:-

A.

| संख्या | अपरेंटिस का प्रकार | ट्रेड | कुल सीट | प्रशिक्षण की अवधि | अनिवार्य योग्यता | मासिक स्टाइपेन्ड (रूपया) | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एन.ए.पी.एस. - ट्रेड अप्रेन्टिस | इलेक्ट्रिशन | 300 | एक वर्ष | 10वीं पास और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | 01.08.2025 को न्यूनतम-18 वर्ष और अधिकतम-27 वर्ष अनआरक्षित वर्ग मे । आरक्षित सीटों के तहत एससी/एसटी के लिए 5 साल की, ओबीसी (एनसीएल) के लिए 3 साल की छूट। |
| 2 | | फिटर | 150 | एक वर्ष | 10वीं पास और फिटर ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |
| 3 | | मिकैनिक डीजल | 35 | एक वर्ष | 10वीं पास और मिकैनिक डीजल ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |
| 4 | | वेल्डर | 15 | एक वर्ष | 10वीं पास और वेल्डर ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |
| 5 | | कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक | 10 | एक वर्ष | 10वीं पास और कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |
| 6 | | सहयोगी कानूनी सहायक | 5 | एक वर्ष | यूजीसी दवारा अनुमोदित विश्वविद्यालय से एलएलबी। | 9000 | |
| 7 | | हेल्थ सैनिटेरी इन्स्पेक्टर | 5 | एक वर्ष | 10वीं पास और हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | पलंबर | 5 | एक वर्ष | 10वीं पास और पलंबर ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |
| 9 | | असिस्टेंट माइन सर्वेयर | 5 | एक वर्ष | 10वीं पास और सर्वेयर ट्रेड में एन. टी. सी. सर्टिफिकेट | 7000 | |

B.

| संख्या | अपरेंटिस का प्रकार | ट्रेड | कुल सीट | प्रशिक्षण की अवधि | अनिवार्य योग्यता | मासिक स्टाइपेन्ड (रुपिया) | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एन.ए.पी.एस. - फ्रेशर अप्रेन्टिस | मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन (पैथोलॉजी) | 15 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से पीसीबी के साथ 12वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 7000 द्वितीय वर्ष-7700 | 01.08.2025 को न्यूनतम- 18 वर्ष और अधिकतम-22 वर्ष अनआरक्षित वर्ग मे । आरक्षित सीटों के तहत एससी/एसटी के लिए 5 साल की, ओबीसी (एनसीएल) के लिए 3 साल की छूट। |
| 2 | | मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन (रेडियोलॉजी) | 8 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से पीसीबी के साथ 12वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 7000 द्वितीय वर्ष-7700 | |
| 3 | | प्री हॉस्पिटल ट्रौमा असिस्टेंट | 2 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं में पीसीबी के साथ 10वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 7000 द्वितीय वर्ष-7700 | |
| 4 | | मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन (फीजियोथेरेपी) | 2 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से पीसीबी के साथ 12वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 7000 द्वितीय वर्ष-7700 | |
| 5 | | मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन (कार्डीयलजी) | 5 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से पीसीबी के साथ 12वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 7000 द्वितीय वर्ष-7700 | |
| 6 | | सर्वेअर | 5 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 6000 द्वितीय वर्ष-6600 | |
| 7 | | वायरमैन | 5 | दो वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 6000 द्वितीय वर्ष-6600 | |
| 8 | | मल्टीमीडिया एण्ड वेबपेज डिजाइनर | 10 | 15 महीने | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 6000 द्वितीय वर्ष-6600 | |
| 9 | | मिकैनिक रिपेर एण्ड मैन्टनेन्श ऑफ वीइकल | 5 | दो वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 6000 द्वितीय वर्ष-6600 | |
| 10 | | मिकैनिक अर्थ मूविंग मशीनरी | 5 | दो वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं ऊतीर्ण। | प्रथम- वर्ष- 6000 द्वितीय वर्ष-6600 | |

C.

| संख्या | अपरेंटिस का प्रकार | ट्रेड | कुल सीट | प्रशिक्षण की अवधि | अनिवार्य योग्यता | मासिक स्टाइपेन्ड (रूपया) | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **एन.ए.टी.एस.-टेकनीशियन अप्रेन्टिस** | खनन इंजीन्यरिंग | 180 | एक वर्ष | खनन इंजीनियरिंग में **डिप्लोमा** | 8000 | अभ्यर्थी वर्ष 2021 के बाद डिप्लोमा या ग्रेजुएट हो। |
| | | इंजीन्यरिंग गैर - खनन | 200 | एक वर्ष | विद्युत, यांत्रिक, असैनिक, कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में **डिप्लोमा** | | |
| 2 | **एन.ए.टी.एस.-ग्रेजुएट अप्रेन्टिस** | खनन इंजीन्यरिंग | 30 | एक वर्ष | खनन इंजीनियरिंग में **ग्रेजुएट** | 9000 | |
| | | गैर - खनन इंजीन्यरिंग | 100 | एक वर्ष | विद्युत, यांत्रिक, असैनिक, कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में **ग्रेजुएट** | | |
| | | गैर - खनन गैर-इंजीनियरिंग (बी. कॉम.) | 30 | एक वर्ष | बी. कॉम. में **ग्रेजुएट** | | |
| | | गैर - खनन गैर-इंजीनियरिंग (बी.बी.ए./ बी.सी.ए.) | 20 | एक वर्ष | बी.बी.ए./ बी.सी.ए. में **ग्रेजुएट** | | |
| | | गैर - खनन गैर-इंजीनियरिंग-मेडिकल/ (नर्सिंग) | 28 | एक वर्ष | बी.एस.सी. नर्सिंग में **ग्रेजुएट** | | |

**आवेदन की अंतिम तिथि 24.10.2025 है ।**

**स्टाइपेंड:-**

चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार निर्धारित दर से स्टाइपेंड का भुगतान किया जायेगा। स्टाइपेंड की दर भारत सरकार के गजेट्टे नोटिफिकेशन (686-E) दिनांक 25.09.2019 के आधार पे निर्धारित की गयी हैं। स्टाइपेंड एनएपीएस पोर्टल के अनुबंध पत्र में उल्लिखित किया जायेगा। एनएटीएस पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षुओं के मामले में डीबीटी के रूप में कुल स्टाइपेंड राशि का 50% भुगतान किया जाएगा।

**अनिवार्य योग्यताः-**

**A. ट्रेड अप्रेन्टिस (Trade Apprentice)**

i. जिन अभ्यर्थियों की उम्र दिनांक 01.08.2025 तक अनारक्षित वर्ग में 18 वर्ष से कम तथा 27 वर्ष से अधिक एवं आरक्षित वर्ग में 18 वर्ष से कम तथा 32 वर्ष से अधिक होगी, उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

ii. अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के आरक्षण नीति के अनुसार OBC को 3 वर्ष (अधिकतम 30 वर्ष) और SC/ST को 5 वर्ष (अधिकतम 32 वर्ष) को आयु सीमा में आरक्षण दिया जाएगा।

iii. अभ्यर्थियों को कम से कम 10वीं की कक्षा उत्तीर्ण हो तथा संबन्धित ट्रेड अर्थात इलेक्ट्रिशियन, फिट्टर, वेल्डर, इत्यादि में केवल एन.सी.वी.टी. से मान्यता प्राप्त संस्थान / आईटीआई में NTC सर्टिफिकेट के साथ उत्तीर्ण हो, अनिवार्य योग्यता ऊपर अंकित टेबल के अनुसार होगी।

iv. सहयोगी कानूनी संहायक के पोस्ट पर अभ्यर्थियों को कम से कम 10वीं की कक्षा उत्तीर्ण हो तथा एल. एल. बी. के साथ उत्तीर्ण हो ।

**B. फ्रेशर अप्रेन्टिस (Fresher Apprentice)**

i. जिन अभ्यर्थियों की उम्र दिनांक 01.08.2025 तक अनारक्षित वर्ग में 18 वर्ष से कम तथा 22 वर्ष से अधिक एवं आरक्षित वर्ग में 18 वर्ष से कम तथा 27 वर्ष से अधिक होगी, उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए टेबल को देखे।

ii. अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के आरक्षण नीति के अनुसार OBC को 3 वर्ष (अधिकतम 25 वर्ष) और SC/ST को 5 वर्ष (अधिकतम 27 वर्ष) को आयु सीमा में आरक्षण दिया जाएगा। आयु सीमा की अंतिम तिथि 01.08.2025 है ।

iii. अभ्यर्थियों को कम से कम 10वीं की कक्षा उत्तीर्ण हो।

**C. टेकनीशियन और ग्रेजुएट अप्रेंटिस / Technician and Graduate Apprentice**

i. इंजीनियरिंग शाखा में टेकनीशियन और स्नातक अपरेंटिस के लिए जिन अभ्यर्थियों ने वर्ष 2021 के बाद डिप्लोमा और ग्रेजुएट में उत्तीर्ण किया हो केवल उन ही के आवेदन पे विचार किया जाएगा ।

ii. टेकनीशियन और स्नातक प्रशिक्षु के लिए अनिवार्य योग्यता के संबंध में NATS के दिशानिर्देश लागू होंगे, जो की ऊपर अंकित टेबल के अनुसार होगी।

नोट-

निम्नलिखित अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी:-

a) यदि आवेदक परियोजना प्रभावित परिवार /PAP (Project Affected People) का सदस्य है। PAP से संबन्धित प्रमाण पत्र. जो की SO(P&P) या प्रोजेक्ट ऑफिसर(PO) दद्वारा सत्यापित होना चाहिए, संबन्धित एरिया ट्रैनिंग ऑफिसर (ATO) के ऑफिस में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले जमा करना होगा। परियोजना प्रभावित परिवार / PAP (Project Affected People) सर्टिफिकेट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद का स्वीकार नहीं किया जाएगा।

या

b) यदि आवेदक Employee Ward है, संबंधित प्रमाण पत्र जो की SO(P) द्वारा सत्यापित होना चाहिए संबन्धित एरिया ट्रैनिंग ऑफिसर (ATO) के ऑफिस में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले जमा करना होगा। Employee Ward सर्टिफिकेट आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद का स्वीकार नहीं किया जाएगा।

तथा

c) आवेदक झारखंड में अवस्थित संस्थानो से उतीर्ण है।

## आवेदन प्रक्रिया:-

i. इच्छुक एन.ए.पी.एस. अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु NAPS के पोर्टल www.apprenticeshipindia.gov.in/ तथा NATS के पोर्टल https://nats.education.gov.in/ के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

ii. वैबसाइट पर रजिस्टर टैब पर क्लिक करके अप्रेन्टिस पंजीकरण करे, ऑनलाइन पंजीकरण के बाद आवेदक को उसके मेल आई डी पर एक स्वचालित मेल से पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी।

iii. NAPS के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के बाद अप्रेन्टिस ऑपर्चुनिटी टैब सेक्शन में जाकर अपनी संबन्धित ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर दिनांक 24.10.2025 से पहले सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, **CENTRAL COALFIELDS LIMITED (E02182000001)** उपरोक्त establishment को सिलेक्ट करें तथा उपर्युक्त ट्रेड में अप्लाई करे।

iv. NATS के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के बाद **CENTRAL COALFIELDS LIMITED** establishment को सिलेक्ट करें तथा अप्लाई करे।

v. दिनांक: 04.10.2025 को अप्रेन्टिस NAPS पोर्टल **https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन करने हेतु सी. सी. एल. द्वारा विभिन्न ट्रेड के लिए रिक्तियां अपलोड किया जाएगा।

vi. अभ्यर्थियों के दवारा NAPS पोर्टल **https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर किए गए आवेदनों जोकि दिनांक 24.10.2025 से पहले के हो सिर्फ उनपर ही विचार किया जाएगा।

vii. अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

viii. NAPS पोर्टल के CCL में आवेदन भरते समय यदि आपको कोई समस्या आती है तो कृपया ईमेल apprenticehrd.ccl@gmail.com पर संपर्क करें।

ix. कृपया आवेदन करने से पहले NAPS पोर्टल मे अपना केवाईसी (E-KYC, Bank details, PAN, Aadhar Verification) पूरा करें।

x. यदि आपने सीसीएल की विभिन्न ट्रेड की रिक्तियों के लिए विज्ञापन से पहले ही आवेदन कर दिया है, तो उन आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

xi. कृपया अंतिम रूप से जमा करने से पहले अपने आवेदन की जांच कर लें।

## चयन प्रक्रिया:-

i. चयन प्रक्रिया में सिर्फ उन्ही अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा जिन्होने दिनांकः 24.10.2025 तक NAPS पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ तथा NATS के पोर्टल https://nats.education.gov.in/ पर सी.सी.एल. **CENTRAL COALFIELDS LIMITED (E02182000001)** के लिए आवेदन किया हो तथा जिन्होने इसके पूर्व किसी अन्य संस्थान में अप्रेन्टिस प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया हो या नहीं कर रहे हों।

ii. **एन.ए.पी.एस. के संबंध में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन अनिवार्य योग्यता (उपरोक्त टेबल के अनुसार) आधारित प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा।** आवेदन की जांच के समय अभ्यर्थी को अपने मूल दस्तावेज जिनमे माध्यमिक / हाईस्कूल सर्टिफिकेट (मूल प्रमाण पत्र), आईटीआई सर्टिफिकेट, अनिवार्य योग्यता आधारित प्राप्तांक सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आधार कार्ड लिंक्ड बैंक अकाउंट (स्टीपेंड पेमेंट हेतु) आदि प्रस्तुत करना होगा।

iii. **एनएटीएस के संबंध में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन NATS पोर्टल के द्वारा चयन के आधार पर किया जायेगा। NATS पोर्टल के द्वारा अभ्यर्थियों का चयन की प्रक्रिया पूर्ण.ना हो पाने के स्थिति मे बीओपीटी (ई.आर.) के आदेश अनुसार NATS पोर्टल पर विज्ञापन के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।**

सीसीएल केवल एनएटीएस पोर्टल के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को award letter देगा। Award letter के बाद उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय अपने मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन कराना होगा।

iv. **एनएटीएस के अंतर्गत चयन से संबंधित सभी नियम व शर्तों के संबंध में बीओपीटी (ई.आर.), कोलकाता का निर्णय अंतिम होगा।**

v. **जो आवेदक झारखंड में अवस्थित संस्थानो से उत्तीर्ण है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।**

vi. परियोजना प्रभावित परिवार /PAP (Project Affected People) तथा Employee Ward को एक ही वर्ग में रखा जाएगा।

vii. परियोजना प्रभावित परिवार /PAP (Project Affected People) तथा Employee Ward वर्ग में प्राथमिकता अनिवार्य योग्यता आधारित प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा।

viii. NAPS पोर्टल (**https://www.apprenticeshipindia.gov.in/**) तथा NATS पोर्टल https://nats.education.gov.in/ के अलावा किसी अन्य माध्यम से आवेदन को स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

ix. चयन प्रक्रिया 25.10.2025 के बाद आरंभ होगी एवं चयनित अभियार्थी को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए MTC, HRD Office, Darbhanga House CCL बुलाया जाएगा। इसकी सूचना अभियार्थी के Registered email पर ही दी जाएगी। अतः अभियार्थी अपने रेजिस्टर्ड ईमेल को नियमित जांच करते रहेंगे।

x. चयनित अभियार्थी को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए केवल ईमेल से ही सूचना दी जाएगी।

xi. उन उम्मीदवारों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जिन्होंने आवश्यक योग्यता, ई-केवाईसी और अन्य अनिवार्य क्षेत्रों जैसे सभी विवरण प्रस्तुत किए हैं।

xii. चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा विभिन्न एरिया में प्रशिक्षण हेतु अनुमति दी जाएगी।

**नोटः- अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के आरक्षण नीति के अनुसार आरक्षण दिया जाएगा।**

## अन्य नियम और शर्ते :-

A. अभ्यार्थी को दस्तावेज़ जांच करवाने हेतु या प्रशिक्षण के लिए निर्धारित स्थान पर आने / जाने हेतु किसी प्रकार का टी. ए./ डी. ए. नहीं दिया जाएगा और न ही आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

B. **अप्रेन्टिस ट्रैनी को किसी भी हाल में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के किसी भी प्रतिस्थानों में नियमित रूप से कर्मचारी के रूप में अवशोषित / स्वीकार नहीं किया जाएगा और प्रशिक्षु किसी भी स्थिति / परिस्थिति में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में रोजगार के लिए दावा नहीं करेंगे । रोजगार के लिए इस तरह के किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।**

C. प्रशिक्षुता अधिनियम के अनुसार, प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षु हड़ताल पर नहीं जाएंगे।

प्रदीप कुमार

D. सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड प्रबंधन किसी भी पूर्व सूचना के बिना प्रशिक्षण की सीटों को किसी भी समय घटा या बढ़ा सकता है या पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम को रदद भी कर सकता है।

E. झारखंड राज्य से किसी विशेष ट्रेड में छात्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही अन्य राज्यों के छात्रों को अवसर दिया जाएगा।

F. जिन प्रावधान का इस सूचना पत्र में उल्लेख नहीं हो उन सभी के लिए Apprentice Act & Apprenticeship Rules के प्रावधान आधारित अंतिम आदेश अप्रेन्टस्शिप ऐड्वाइज़र झारखंड/ बी. ओ. पी. टी. कोलकाता का मान्य होगा।

G. अधिसूचना के अंतरगत किसी भी विवाद का समाधान अपरेंटिस अधिनियम 1961 के धारा 20 एवं सुसंगत अपरेंटिस. नियम, 1992, अनुसूची 5, नियम 2(11) के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा।

महा प्रबन्धक (मा. सं. वि.)

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची

सूचनार्थ प्रेषित:

१. अधक्ष सह प्रबंध निदेशक, सीसीएल, रांची।

२. निदेशक (कार्मिक)/(तकनीकी एवं संचालन (वित (तकनीकी एवं योजनपरियोजना, सीसीएल, रांची।

३. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल, रांची।

वितरण:

1. सभी महा प्रबन्धक / विभागाध्यक्ष मुख्यालय / केंद्रीय भंडार / गांधी नगर अस्पताल / सेंट्रल हॉस्पिटल, नईसरय/ केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना। सभी सूचना पट्ट में प्रदर्शन हेतु।

2. महा प्रबन्धक (कार्मिक एवं औध्योगिक् संबंध सीसीएल, रांची।

3. महा प्रबन्धक (प्रणाली), सीसीएल, रांधी कंपनी के वैबसाइट में अपलोड करने हेतु ।

3. महा प्रबन्धक (प्रणाली), सीसीएल, रांची: कंपनी के वैबसाइट में अपलोड करने हेतु ।

4. विभागाध्यक्ष (जन संपर्क विभाग); उनसे अनुरोध है की सभी अखबारों में उपरोक्त प्रकरण को प्रकाशित करने की बयवस्था करें।

5. सभी स्टाफ अधिकारी (कार्मिक), सी. सी. एल.

6. सभी एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर सी. सी. एल।

7. अपप्रेंटिस सलाहकार (केंद्रीय), आर. डी. ए. टी., कोलकाता: वृहद संचरण हेतु ।

8. जिला रोजगार अधिकारी, रांची, झारखंड ।

9. सभी सूचना पट्ट ।

**CCL**
Fuelling Sustainable Growth
**CENTRAL COALFIELDS LTD.**

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उपक्रम / कोल इंडिया लि. की एक अनुषंगी कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस, राँची 834 001 (झारखण्ड)
CIN : U10200JH1956GOI000581

मानव संसाधन विकास विभाग
ईमेल : gmhrd.ccl@coalindia.in
वेबसाइट : www.centralcoalfields.in

## सूचना

### अप्रेन्टिसशिप (एक वर्षीय) प्रशिक्षण हेतु आवेदन का विज्ञापन

सी.सी. एल. राँची द्वारा अप्रेन्टिस अधिनियम 1961 के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडो में एक वर्षीय (2025-26) प्रशिक्षण हेतु योग्य अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

योग्यता, ट्रेड, चयन प्रक्रिया, प्रत्येक ट्रेड में उपलब्ध सीटों की संख्या एवं अन्य जानकारी हेतु कृपया सी. सी. एल. के वेबसाइट www.centralcoalfields.in/ में लॉग-आन करें।

आवेदन की अंतिम तिथि 24.10.2025 है।

महाप्रबंधक (मा.सा.वि.) 3/10/25

सी.सी.एल., राँची

CENTRAL COALFIELDS LTD.
Fuelling Sustainable Growth

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम / कोल इंडिया लि. की एक अनुषंगी कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस, राँची 834 001 (झारखण्ड)
CIN : U10200JH1956GOI000581

मानव संसाधन विकास विभाग
ईमेल : gmhrd.ccl@coalindia.in
वेबसाइट : www.centralcoalfields.in

Advertisement to invite application for Apprenticeship in CCL

CCL Invites application from the eligible candidates for the apprenticeship training in different trades for the financial year 2025-26 under Apprentice Act. -1961.

For eligibility, trade, mode of application, mode of selection, duration of training and the available seats for training, please log in to CCL website www.centralcoalfields.in/

The last date of application is 24.10.2025

3/10/25
General Manager (HRD)
CCL, Ranchi